# Rapid Fire करेंट अफेयर्स (01 June)

- 31 मई को नई सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में कई महत्त्वपूर्ण फैसले लिये गए। नेशनल डिफेंस फंड के तहत **शहीदों के परिवार** के **लड़कों** को दी जाने वाली स्कॉलरशिप में 500 रुपए की बढ़ोतरी की गई तो**लड़कियों** को दी जाने वाली राशि में 750 रुपए बढ़ाए गए हैं।**छोटे दुकानदारों के लिये पेंशन योजना शुरू** की गई है, जिसके दायरे में 5 करोड़ से ज़्यादा दुकानदार आएंगे। इस योजना के लाभार्थियों में 18 से 40 साल तक के दुकानदार शामिल होंगे। प्रधानमंत्री पेंशन योजना के तहत किसानों, आम लोगों, गरीबों को 60 साल की आयु के बाद 3000 रुपए पेंशन देने की योजना है। दुकानदारों-कारोबारियों को 3000 रुपए प्रतिमाह पेंशन मिलेगी। किसान की मृत्यु के बाद उसकी पत्नी को यह पेंशन मिलेगी। इसमें जितना अंशदान किसान देगा, उतना ही अंश सरकार देगी। **किसान सम्मान निधि योजना** के तहत अब सभी किसानों को 6000 रुपए वार्षिक दिये जाएंगे। अब 2 हेक्टेयर ज़मीन की सीमा लागू नहीं होगी तथा दो करोड़ अतिरिक्त किसान भी योजना के दायरे में आ जाएंगे। पशुओं के **खुरपका और मुखपका** रोग के टीकाकरण के लिये अब पूरा पैसा केंद्र सरकार देगी। पहले केंद्र और राज्य सरकारें 60:40 के अनुपात में इसका खर्च वहन करती थीं। इसके अलावा नई सरकार का पहला बजट 5 जुलाई को पेश किया जाएगा।
- वित्त वर्ष 2018-19 की चौथी तिमाही में देश की GDP विकास दर घटकर 6 प्रतिशत से भी कम हो गई है। यह पिछले 60 महीनों में सबसे कम है। नवीनतम जारी हुए आँकड़ों के अनुसार, जनवरी-मार्च तिमाही में **GDP** विकास दर केवल 5.8 प्रतिशत रही। इसका असर पूरे वित्त वर्ष की GDP पर पड़ा और यह गिरकर 6.8 प्रतिशत रह गई। गौरतलब है कि वित्त वर्ष 2017-18 की जनवरी-मार्च तिमाही में GDP विकास दर 8.1 प्रतिशत रही थी जबकि पूरे वित्त वर्ष में देश का आर्थिक विकास 7.2 प्रतिशत की दर से हुआ था। इसके साथ ही भारत विकास दर के मामले में डेढ़ साल में पहली बार चीन से पिछड़ गया। बेरोज़गारी के मोर्चे पर **लेबर सर्वे** के मुताबिक वित्त वर्ष 2017-18 में देश में **बेरोज़गारी दर** 45 वर्ष के अपने उच्चतम स्तर 6.1 प्रतिशत रही। देश में बेरोजगारी का आँकड़ा वर्ष 1972-73 के बाद पहली बार इतना अधिक हुआ है। इसके अलावा भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (**FICCI**) ने अपनी **आर्थिक सर्वे रिपोर्ट** में यह अनुमान जताया है कि चालू वित्त वर्ष में GDP वृद्धि दर 7.1 प्रतिशत और अगले वित्त वर्ष में 7.2 प्रतिशत रह सकती है।
- श्रीलंका ने भारत और जापान के साथ **गहरे समुद्री क्षेत्र कंटेनर टर्मिनल** विकसित करने के समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं। तीनों देश संयुक्त रूप से कोलंबो बंदरगाह पर **ईस्ट कंटेनर टर्मिनल** का निर्माण करेंगे। श्रीलंका बंदरगाह प्राधिकरण के अनुसार, कोलंबो बंदरगाह के ट्रांसशिपमेंट कारोबार (बड़े जहाज़ों से छोटे जहाज़ों में माल का परिवहन) का करीब 70 प्रतिशत भारत से संबंधित है, जबकि जापान 1980 से बंदरगाह कंटेनर टर्मिनल के निर्माण में सहयोग कर रहा है। **श्रीलंका बंदरगाह प्राधिकरण** के पास ईस्ट कंटेनर टर्मिनल का 100 प्रतिशत स्वामित्व है। ईस्ट कंटेनर टर्मिनल से होने वाले सभी परिचालनों का संचालन करने वाली टर्मिनल ऑपरेशंस कंपनी में श्रीलंका सरकार और अन्य की संयुक्त हिस्सेदारी है। ऐसे में हिंद महासागर के केंद्र के रूप में श्रीलंका का विकास और उसके बंदरगाहों का खुलना बहुत महत्त्व रखता है। कोलंबो बंदरगाह इस क्षेत्र का प्रमुख बंदरगाह है। यह संयुक्त परियोजना तीनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे सहयोग और बेहतर संबंधों को दर्शाती है।
- 1 जून को दुनियाभर में **विश्व दुग्ध दिवस** (World Milk day) का आयोजन किया गया। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य दूध और इससे संबंधित उद्योगों को प्रोत्साहन देना है। इसके अलावा इस दिवस को मनाने का उद्देश्य प्राकृतिक दूध के बारे में लोगों के बीच जागरूकता उत्पन्न करना भी है। संयुक्त राष्ट्र खाद्य और कृषि संगठन (FAO) द्वारा विश्व दुग्ध दिवस की स्थापना की गई थी और पहली बार 1 जून, 2001 को इस दिवस का आयोजन किया गया था। दूध में हमारे शरीर के लिये आवश्यक सभी पोषक तत्त्व पाए जाते हैं, जिनमें कैल्सियम, मैगनीशियम, जिंक, फॉसफोरस, ऑयोडीन, आइरन, पोटेशियम, फोलेट्स, विटामिन-ए, विटामिन-डी, राइबोफ्लेविन, विटामिन-बी12, प्रोटीन, गुड फैट आदि शामिल हैं। इस वर्ष विश्व दुग्ध दिवस की थीम **Drink Milk: Today & Everyday** रखी गई है।
- YSR कॉन्ग्रेस प्रमुख **जगनमोहन रेड्डी** ने **आंध्र प्रदेश** के विभाजन के बाद राज्य के दूसरे मुख्यमंत्री का पदभार संभाल लिया। राज्यपाल ई.एस.एल. नरसिम्हन ने विजयवाड़ा के समीप IGMC स्टेडियम में उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। हाल ही में लोकसभा चुनावों के साथ हुए राज्य विधानसभा के चुनाव में उनकी पार्टी ने 175 में से 151 सीटों पर जीत दर्ज की। आपको बता दें कि पाँच वर्ष पूर्व तेलंगाना के गठन के बाद तेलुगु देशम पार्टी के एन. चन्द्रबाबू नायडू आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री बने थे। उनके पिता वाई.एस. राजशेखर रेड्डी अविभाजित आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री थे, जिनकी एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी।
- दिल्ली में भीषण गर्मी के दौर के मद्देनज़र भारतीय मौसम विभाग ने राष्ट्रीय राजधानी के लिये **रेड कलर वार्निंग** जारी की है। 31 मई को मौसम विभाग ने राजधानी में अधिकतम तापमान 46.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया, जो पिछले पाँच साल में सबसे अधिक तापमान है। गौरतलब है कि मौसमी परिस्थितियों के अनुरूप पूर्वानुमान और चेतावनी जारी करने के लिये मौसम विभाग ने **चार कलर कोड** जारी किये हैं: इनमें **हरा रंग** सामान्य मौसम का परिचायक है; **पीला रंग** मौसम से सावधान रहने और उस पर निगाह रखने की सलाह देता है; **संतरी रंग** का अलर्ट तब जारी किया जाता है जब अधिकतम तापमान लगातार दो दिन तक सामान्य से पांच डिग्री तक अधिक बना रहता है। उस स्थिति में **लू चलने** की घोषणा की जाती है। **लाल रंग** का अलर्ट जारी होने का मतलब है कि अधिकतम तापमान सामान्य से पाँच डिग्री से भी अधिक रह सकता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-june-01